- आधार भूत सुविधाओं का अभाव - ग्रामीण महिलाओं को पीने का पानी हैंडपंप, नल या कुऐं से लाना पड़ता है उनके घर में दूध, दही, घी तो होता है किन्तु वे इसका उपयोग नही कर सकती, फलस्वरूप वे कुपोषण का शिकार हो जाती है इन्हे सेनेटरी पैड की उपलब्धता भी नही है। अध्ययन में पाया गया कि किसी-किसी घर में मिक्सर उपलब्ध होने के बाद भी वे मसाला पीसने के लिए सिल-बट्टे का ही उपयोग करती है वे कहती है कि इसको चलाने से बिजली बिल अधिक आयेगा । कही-कही तो सास के डर के कारण भी यह स्थिति आतीहै।
- सरकारी योजनाओं से अनभिज्ञता - भारत सरकार सहित राज्य सरकार द्वारा भी ग्रामीण महिलाओं के विकास हेतु अनेक योजनाऐं व कार्यक्रम चलाए जा रहे है किन्तु अपनी अज्ञानता के कारण ये बहुधा उसका लाभ नही उठा पाती।
- पलायन की समस्या - अनेक ग्रामोंद्योग व घरेलू उद्योग समाप्त हो जाने से ग्रामीण महिलाओं में बेरोजगारी की समस्या बढ़ती जा रही है। आधुनिक कृषि प्रणाली एवं मशीनरीकरण, ने जहाँ ग्रामीण विकास को बढ़ावा दिया है वही बेरोजगारी की समस्या भी उत्पन्न की है नया कार्य जैसे कि आया, बेबीसिटर, स्कूल चपरासी, झाड़ू पौछा करना आदि अधिकतर शहरों में ही है। इस सबका नतीजा यह है कि पुरूषों के साथ ग्रामीण स्त्रियाँ भी गांव छोड़कर काम की तलाश में शहरों की ओर आने लगी है।
- बच्चों के पालन की समस्या- ग्रामीण क्षेत्रों में जो मजदूर महिलाएं दूसरे के खेत में मजदूरी करती है वे बच्चों को साथ ले जाती है बच्चों के कारण इन्हे कई बार मालिक से डांट सुननी पड़ती है ये बार-बार काम छोड़कर अपने बच्चों को दूध पिलाने, उनके झगड़े छुड़ाने या खिलाने-सुलाने चली जाती है । इसलिए इन्हे काम से हटा तक दिया जाता है । काम करते हुए भी इनका ध्यान अपने बच्चों पर ही होता है।
- परंपराओं के पीछे दबी ग्रामीण महिलाएं - ग्रामीण महिलाएं अपने सुहाग, अपने पुत्र के लंबे सुखमय जीवन को सींचने के लिए विभिन्न व्रत करती है, माथा टेकनेजाती है, देवीप्रसाद चढ़ाती है, कहने का तात्पर्य यह है, कि 24 में

से 18 घंटे की दौड़-भाग, जिम्मेदारियों के साथ वह परंपराओं में फंसी सब कुछ स्वाभाविक ढंग से जी लेती है। परंपराओं में शामिल रूढ़िया व जटिलताएं उसे तंग करती है, दुविधा में डालती है मगर एक प्रकार के भय के कारण वह स्वयं को इनसे मुक्त करने में असफल रहती है।

- आत्मसुरक्षा की समस्या - अध्ययन में पाया गया कि ग्रामीण महिलाएं आत्मसुरक्षा के प्रति अनभिज्ञ है वे जूडो-कराटे, अपनी स्वयं की रक्षा से संबंधित कोई भी तथ्य नही जानती है।
- शोषण - ग्रामीणम हिलाओं का शोषण बरकरार है । महात्मा गांधी ने कहाँ था, हमारे सामाज में स्त्रियों को गुलामों की तरह जीना पड़ता है व उन्हे यह भी नही लगता कि वे गुलामों का जीवन जी रही है। ग्रामीण स्त्रियाँ आज भी शराब पीने वाले पुरूषों की मार झेल रही है, शारीरिक मानसिक यातनाएं सह रही है कई बार तो ये इतनी परेशान हो जाती है कि आत्महत्या करने पर विवश हो जाती है।

**समस्याओं से संबंधित समाधान:**

- विकास योजनाओं की जानकारी देना - ग्रामीण महिलाओं को विकास योजनाओं की जानकारी देने के लिए एक अलग कार्यकर्ता की नियुक्ति की जाए जो घर-घर जाकर ग्रामीणम हिलाओं को समझाए, कि उन्हे ऋण कैसे मिल सकता है, कौन सी सरकारी योजना उनके लिए योग्य है आदि। इसके अलावा इन कार्यकर्ताओं को इस प्रकार प्रशिक्षित किया जाए कि वे इनसे घुल मिलकर, इनके सुख-दुख में शामिल हो, कठिनाईयों को सुने, समझे तथा स्वयं हल करने का दंभ भरने के बजाय इन्हे ही अपनी कठिनाईयों को हल करने का रास्ता सुझाए । सेवा कार्य की लगन रखने वाली प्रौढ़ महिलाओं को उचित प्रशिक्षण व सुविधाए देकर इनके बीच भेजा जाना चाहिए ।\
- वैचारिक आंदोलन - महिलाओं के अंदर वे विचार विकसित किये जाए जिससे वे अपने शोषण को शोषण समझ सके । इसके लिए उन्हे प्रशिक्षण देने के लिए प्रशिक्षण शिविर चलाना, कानूनी सहायता हैंडबुक, गाईड उपलब्ध कराया जाए । महिलाओं के खिलाफ हिंसा के बारे में जागरूकता पैदा करने हेतु संचार माध्यमों के साथ-साथ घरेलू हिंसा से संबंधित कानून के विषय में जागरूकता लाई जाए।
- स्वास्थशिक्षा - अधिकतर ग्रामीण महिलाएं कम शिक्षित है परन्तु चलचित्रों, वीडियों, मोबाईल की सहायता से इन्हे स्वास्थ तथा सफाई के मूल सिधान्त से अवगत कराना चाहिए। इनके स्वास्थ को बेहतर बनाने के लिए राज्य सरकारों, केन्द्रसरकार, गैर-सरकारी संस्थाओं तथा स्वास्थ कर्मचारियों को मिल-जुल कर प्रयास करने चाहिए। इसके अलावा स्वास्थ केन्द्र स्थापित किया जाना चाहिए व उनमें पर्याप्त डॉक्टर, नर्स, दवाईयाँ, शुद्ध पेय जल व्यवस्था आदि होना चाहिए । ग्रामीण महिलाओं को सेनेटरी पैड एवं कंडोम भीउपलब्ध कराया जाए ।
- रोजगार के अवसर सृजित किये जाए।
- कृषि का प्रशिक्षण दिया जाए।
- स्वरोजगार को प्रोत्साहन दिया जाए।
- बच्चों के लालनपालन की उचित व्यवस्था की जाए।

**निष्कर्ष:** पूर्व प्रधानमंत्री श्रीचरण सिंह ने कहॉ था, कि भारत की खुशहाली का रास्ता गाँव की पगडंडियों से होकर जाता है किन्तु आज आत्म-निर्भर भारत का सपना ग्रामीण महिलाओं के आत्मनिर्भर बनने पर ही पूरा हो पायेगा। इतनी समस्याऐं होने के बावजूद इनके जीवन में वैसी घुटन भी नही है जैसी शहरी महिलाओं के जीवन में रहती है ये सहजता से स्थितियों का मुकाबला कर लेती है । अतः इन्हे समय रहते समाधान उपलब्ध करवाया जाए तो सम्पूर्ण देश का विकास निश्चितहै।

संदर्भ ग्रन्थ सूची:


- सिन्हा मृदुला: मात्र देह नही है औरत, सामयिक प्रकाशन दरियागंज नई-दिल्ली, 2012
- व्होरा आशा रानी: औरतकल, आजऔरकल, कल्याणी शिक्षा परिषद दरियागंज नई-दिल्ली, 2011
- कुमार, प्रो., के. उदय: भारत में ग्रामीण समस्याएं, ओमेगा पब्लिकेशन दरियागंज नई-दिल्ली, 2014
- चैहान डॉ., दिनेश: दलित सामाज की समस्याएं, रावत प्रकाशन दरियागंज नई-दिल्ली, 2013
- मनीषा: हम सभ्य औरतें, सामयिक प्रकाशन दरियागंज नई-दिल्ली, 2008
- South Asia Journal of Multidisciplinary Studies: Volume-3, Oct. 2020

International Journal of Advance Higher Education Research & Development
Peer Reviewed and UGC Approved: ISSN: 2456-4826 VOL, 6 No. 6 FEBRUARY: 2022

# India's Tourism and Organizations: A Review

**Ranu Rahangdale**
**Assistant Professor, Geography**
**Govt. J.S.T. P.G. College, Balaghat (M.P.)**
**e-Mail: ranurahangdale19@gmail.com**

**Abstract :** The tourism business is made up of many different areas and components. Attractions, accessibility, and lodging are all important aspects of tourism. All of these elements, either directly or indirectly, have a significant influence in the economy of the country. Because of its importance to the Indian economy, the government turned to the tourist sector in the 1950s to help it expand more efficiently. The involvement of numerous national organisations has played, and continues to play, a significant role in the development process. In India, there are several organisations dedicated to the growth and development of the tourist business. This article examines some of India's most prominent tourismrelated organizations.

**Keyword:** Tourism, Promotion.

**Introduction:** Tourism is one of India's most important businesses, contributing significantly to the country's economy. It makes a significant contribution to the country in terms of job creation, revenue generation, particularlythrough foreign exchange, and infrastructure development. It has a significant positive impact on the host country'slocal communities. Tourismisresponsible for the economic development of many countries across the world. Because of its importance to the country's economy, the government is working to further expand the sector and promote the country's tourist resources. To do this, the government has formed a number of institutions. There are private organisations in addition to government organisations. These organisations play a significant part in the tourist industry's development and growth. There are organisations that work expressly for the expansion of tourism, as well as those who work for industries that are indirectly related to tourism. The following are some of the most well-known tourismrelated organisations:
TAAI,1951, FHRAI,1955 ITDC,1966 IATO,1982 IITTM,1983 ICPB,1988 TFCI,1989 HAI,1996 -

IRCTC,1999.

- **TOURISM ASSOCIATION OF INDIA (TAAI):** By the end of 1951, a group of 12 travel agents had formed the Travel Agents Association of India. It was established to coordinate and govern India'stourism sector. Its goal wasto defend the interests of travel agencies and industry participants, encourage orderly growth and development, and protect customers from being abused byirregular tour operators. Active, Associate, Allied, Government, and Non-Residents are all members of TAAI. As a result, it is a formidable platform for travel agents due to its vast variety of membership. It prepares participants to handle industrial difficulties on a regular basis. It takes the lead in discussing the difficulties that the tourist sector has with the relevant authoritiesin the nation in order to find a solution.
- **FHRAI:** The Federation of Hotel and Restaurant Associations of India, or FHRAI, was founded in 1955. The FHRAI's headquarters are in New Delhi. The FHRAI has regional offices in Mumbai, Kolkata, and Chennai. Itserves as a symbol forthe hotel business.
- **INDIA TOURISM DEVELOPMENT CORPORATION (ITDC):** On October1,1966, the Indian government established the India TourismDevelopment Corporation. It was established to take on some obligations in which the government could not actively engage. ITDC offers tourists a comprehensive travel package that includes lodging, transportation, entertainment, and shopping, and is the first of its type in the world. By functioning as a catalyst, it is the driving force behind disseminating the socioeconomic advantages of tourism to India. Because tourism is such an important element of a country's economy, every government has a national organisation in the shape of a department, board,ministry, or authority. These organisations are dedicated to the advancement of the tourism industry. The Government of India established the ITDC as a national institution. State-owned corporations exist in all 50 states and the Union Territories. ITDC has a network of hotels comprising of three categories Elite, Classic and Comfort, transport sector, duty free shops at International Airport and many other services. ITDC's initiatives include the following...

1. It provides budget hotelsfor domestic tourists.
2. It has opened an Indian specialityrestaurant ‘Delhi’ inMoscow. The in-house travel agency of ITDC, Ashok Travels and Tours provides carrentalservices and conductstours

3. It organizes Food Festivals thereby depicting the culture and heritage of the states.
4. To promote the Indian products, it has opened duty free shops in some of the International Airports.
5. It conducts shows to showcase the glorious past. One best example is Son –et-Lumiere.

**INDIAN ASSOCIATION OF TOUR OPERATORS (IATO)** The Indian Association of Tour Operatorsis abbreviated asIATO. It was founded in 1982 and has since gained worldwide acclaim. It was founded to foster worldwide understanding and goodwill. It is one of the touristsector's national organisations. It is affiliated with a number of other nations' tourist organisations. It communicates with the government of India to address tourism-related problems as the industry's leading body. At this time, the IATO has over 1600 members. As a socially responsible corporation, it has given to the National Defense Fund, the Prime Minister's Aid Fund, a Blood Donation Camp, relief in cyclone-affected parts of Odisha, relief suppliesfor earthquake victimsin Gujarat, and many other causes. It has also taken on the responsibility of rehabilitating a village's infrastructure. It is in charge of putting together a training programme. The Convention, which brings together all of the main travel industry specialists, is one of IATO's key events. The IATO has five membership categories: Active, Allied, Associate, International, and Honorary. The Department of Tourism, Government of India, has authorised the active members of IATO. The IATO's business are managed by the Executive Committee, which is led by the President and includes six office bearers and nine executive members. Every two years, the ActiveMembers elect this Executive Committee. also includes 12 Action Committees, each of which has a convener and committee members and focuses on a certain issue. The twelve working committees of IATO are asfollows...

- Adventure TourismDevelopment Committee. Civil Aviation, Press and PR Committee.
- Domestic TourismDevelopment Committee & Grievances Committee.
- Guides Coordination Committee.
- Host Committee. Hotel Relations Development Committee.
- Legal Affairs, Insurance and Consumer Committee.
- Privilege Card Development Commitee.
- Railways Co-ordination and Development Committee Surface Transportation Development Committee

**INDIAN INSTITUTE OF TOURISM AND TRAVEL MANAGEMENT (IITTM):** The Indian Institute of Tourism and Travel Management, or IITTM, was founded in 1983 in New Delhi in response to the growing demand for tourism experts. It's, in-fact, an autonomous organisation within the Ministry of Tourism of the Indian government. It is a pioneering and leading institute in the field of tourism education, research, training, and consulting. The Institute is governed by a Board of Governors, which is chaired by the Union Minister for Tourism. IITTM also organises regional guide training programmesin all of our country'sregions.

**INDIA CONVENTION PROMOTION BUREAU (ICPB)** In 1988, the India Convention Promotion Bureau was established in New Delhi. It is critical to the growth and marketing of the convention sector. It is supported by the Indian government's Department of Tourism. There are four membership categories: Category A, Category B, Category C, and Honorary. This bureau's main task is to gather information about international events for which India may submit a proposal to host. The Department of Tourism, in collaboration with the tourismindustry, presented India to worldwide conference organiserslooking for a new site based on the information gathered. ICPB used to run adverts in major national publications on this. "WantedAmbassadors for India" was one of ICPB's most popular adverts. As a result, the ICPB isinstrumental in marketing India as a destination forinternational conferences and conventions.

**TOURISM FINANCE CORPORATION OF INDIA (TFCI)**: The Tourism Finance Corporation of India (TFCI) was founded in 1989. It is a limited-by-shares business. The Tourism Finance Corporation of India (TFCI) lends money to businesses to help them start and grow tourism-related projects, facilities, and services. It also analyses corporate and short-term loans, working capital finance, and project takeover. It supports the tourism and hotel businesses by providing funds. In addition, it organises and formulates standards and regulations linked to project finance. Tourism financing is fairly similar to the financing of other industries. As a result, it is a unique cell established to meet the demands of the tourist and hotel industries, particularly in terms of supporting tourism-related initiatives. The TFCI is run by the Board of Directors, Managing Directors, and various middle and lower-level employees.

**Hotel Association of India (HAI) The Hotel Association of India (HAI):** wasfounded in 1996. The Hotel Association of India is a major player in the Indian hospitality sector. From huge hotel corporations to tiny hotels, this association represents the whole hospitality sector. The HAI Chapters were spread to 25 states across India the next year of their founding. In 1998, HAI was successful in obtaining 'Export House Status' for India's tourism and hospitalityindustry. In the same year, it founded the Tourism Export Promotion Council, or TEPC. It was the first to introduce the concept of "Healthy Hotels" in collaboration with the World Health Organization. In 2000, HAI hosted the INFOTECH Hotels Expo, which wasthe first of its type. The nominees from the hotel industry of Afro Asian nations were in attendance. It has also held seminars and signed memorandums of understanding (MOUs) with other nations to promote bilateral collaboration. Its efforts outside of India have resulted in the formation of the South Asian Association of Regional Countries (SAARC) Hotel Association. It hosted the 'Hoteliers Conclave,' a debate forum for the hospitality sector, in 2007. The Guidelines for Security Measures in Hotels" were developed by Indian Railway.

**Catering and Tourism Corporation (IRCTC):** It hosted the 'Hoteliers Conclave,' a debate forum for the hospitality sector, in 2007. The "Guidelines for Security Measures in Hotels" were developed by HAI. It was founded as an apex organisation of Indian Railways to oversee hospitality aboard trains and railway stations, hence promoting Indian tourism on a national and worldwide level. The IRCTC's headquarters are in New Delhi. Palace on Wheels, Royal Rajasthan on Wheels, Deccan Odyssey...

- Fairy Queen are some of the luxurytourist trains available.
- It runs unique trains and buses, as well as steam and hill charters.
- It operates customised tourist trainsforlow-cost passengers.
- It has built hotels in close proximityto important train stations.
- Hotel Puri and Hotel Ranchi are two examples.

CONCLUSION: With the support of these groups, tourism is on its way to becoming a major participant in India's economy. A national organisation should be established for nations interested in boosting tourism. As a result, for a country to handle tourism in a systematic manner, these organisations are critical. Despite the fact that the pandemic has caused a setback for the tourist -

business, it will recover quickerthan any otherindustryin the nearfuture.

## REFERENCES:


- Sati, V.P. (2001), TourismDevelopment in India, Pointer publishers, Jaipur
- Seth, Nath, Pran, (1997), Successful Tourism Management, Vol 1, Sterling Publishers, New Delhi.
- Seth, Nath, Pran, (2006),
- Successful Tourism Management, Vol 2, Sterling Publishers, New Delhi.
- Richter, K. Linda, (2019), The Politics of Tourism in Asia, University of Hawaii Press, Honolulu Babu, Ramesh, G. (2006),
- Financial Markets and InstitutionsS, Concept Publishing Company, New Delhi

International Journal of Advance Higher Education Research & Development
Peer Reviewed and UGC Approved: ISSN: 2456-4826 VOL, 6 No. 6 FABRUARY: 2022

# भारत में बौध्द धम्म का विकास एवं प्रभाव

**डॉ. निर्मल कीर्ति गेडाम**
**सहायक प्राध्यापक (समाजशास्त्र)**
**शासकीय महाविद्यालय लालबर्रा, बालाघाट (म.प्र.)**
**E- mail - nirmalgedam@gmail.com**

**सारांश :** बौद्ध धम्म का विकास एवं प्रचार करने में प्रमुख रूप से महत्वपूर्ण भूमिका अदा करने वालों में बौद्ध धम्म के लगभग ढ़ाई हजार वर्षो में चार नाम बड़े ही महत्वपूर्ण रहे है- 'भगवान बुद्ध' जो स्वयं बौद्ध धम्म के मूल प्रवर्तक रहे है, 'सम्राट अशोक' जिसने इस धम्म का भारत से बाहर अन्य देशों तक प्रचार किया, 'हर्षवर्धन' जिसने बौद्ध धम्म को अत्यन्त प्रबल आश्रय प्रदान किया तथा 'डॉ. बाबासाहेब अम्बेडकर' जो बौद्ध धम्म के पुनर्गठनकर्ता के रूप में आज भी विश्व इतिहास में जाने जाते है।

बौद्ध धम्म मानवीय मूल्यों, नैतिकता, वैज्ञानिकता, समानता पर आधारित होने के कारण इसका प्रभाव गरीब-अमीर, पुरूष-महिला, सभी जातियों, जनजातियों पर पड़ा। प्राचीन काल से लेकर आज भी भारत में बौद्ध शिक्षण संस्थाएँ कार्य कर रहीं हैं जिसके कारण सामाजिक समानता की स्थापना के साथ-साथ जातिगत भेदभाव को दरकीनार किया जा रहा है। भारतीय समाज में बौद्ध धम्म का प्रभाव सभी समुदायों, संस्थाओं, आदि पर व्यापक रूप से देखा जा सकता है। आज इस अल्प संख्यक वर्ग के द्वारा बौद्ध धम्म के प्रति अत्यधिक जागरूकता स्पष्ट नजर आती है। सम्राट अशोक के राज्यकाल में बौद्ध धम्म भारत में बहुत तेजी से फैला। बौद्ध धम्म के विकास के साथ-साथ अलग-अलग प्रदेशों में पंथ बने। बुद्ध के धम्म का आत्मा, परमात्मा से कुछ सरोकार नहीं है। बुद्ध के धम्म का केन्द्र बिन्दु है इंसान, और इस पृथ्वी पर रहते समय इंसान का इंसान के प्रति क्या कर्तव्य होना चाहिए, इस बात से सरोकार है। धम्म यह सीखाता है कि एक बौद्ध का कर्तव्य नहीं कि वह बौद्ध हो बल्कि बुद्ध धम्म को फैलाना, प्रसार करना तथा मानवता की सेवा करना कर्तव्य है। इसी कारण विश्व में शांति स्थापित करने में यह धर्म प्रासंगिक बना हुआ है।

विश्व इतिहास में यदि सभी धर्मों का तुलनात्मक अध्ययन किया जाए तो यह स्पष्टतः कहा जा सकता है कि विश्व में शान्ति की स्थापना हेतु बौद्ध धम्म ही सर्वोत्तम धम्म है। क्योंकि यह समानता, स्वतंत्रता, बंधुत्व एवं नैतिकता पर आधारित है। बौद्ध धम्म में वैज्ञानिकता के तत्व है, यह धम्म तार्किक दृष्टि से भी सर्वोत्तम है। विश्व में अनेकों धर्म है परन्तु संयुक्त राष्ट्र संध द्वारा पंचशील का जो सिद्धान्त अपनाया गया है वह बौद्ध धम्म से ही अंगीकृत किया गया है। बुद्ध स्त्रियों और पुरूषों में कोई भी भेद नहीं मानते थे। उनका मानना था कि पुरूषों की तरह स्त्रियाँ भी निर्वाण प्राप्त करने में सक्षम है। मौर्य काल में बौद्ध धम्म, विस्तार की बड़ी संभावनाओं के साथ, एक महत्वपूर्ण धम्म बनकर आगे आया। इस आरम्भिक काल में भी बौद्ध धम्म का क्षेत्र मगध और कौसल तक ही सीमित था। मथुरा और उज्जयनी में कुछ छोटी-छोटी मंडलियाँ बौद्धों की थी। बुद्ध के 100 वर्ष बाद वैशाली में जो दूसरा संगायन बुलाया गया उसमें सुदूर स्थानों से यथा- पांथेय, अवंती, -

कौशांबी, संकाश्य और कन्नौज से बौद्ध मंडलियों को बुलाया गया। मौर्यकाल के आरम्भ में मथुरा बौद्धों का एक महत्वपूर्ण केन्द्र बन गया था। शुंगों के आने पर बौद्ध धम्म को राजाश्रय मिलना बंद हो गया। बौद्ध ग्रंथों में पुष्यमित्र शुंग को बौद्धों का पीछा करने वाला माना गया है परन्तु इससे कोई असर जनता पर नहीं हुआ। जनता का बौद्ध धम्म के प्रति अगाध प्रेम के कारण ही शुंग-कण्व काल में बौद्ध धम्म फूला-फला। इस काल में बौद्ध स्मारकों पर अंकित कितने ही लोगों द्वारा दिए गए व्यक्तिगत दान से उपर्युक्त बात का समर्थन होता है। भरहुत स्तूप, कार्ले की गुफाएँ, साँची का स्तूप शुंग-कण्व काल के ही है। बौद्ध धम्म मठों तक ही सीमित न रहकर अब जनसाधारण का धम्म बन गया था। उसमें मूर्ति पूजक धर्मों की भाँति उपासना तत्व घुसने लगे। मिनाण्डर राजा के समय उत्तर में ग्रीकों ने बौद्ध धम्म को अपना लिया। पालि स्त्रोतों से जान पड़ता है कि ग्रीकों ने धम्म प्रचार में भी योगदान दिया। यवन देश के बौद्ध धम्म अपनाने के बाद मोग्गलिपुत्त तिस्स वहाँ गए और एक ग्रीक थेर धर्मरक्षित को प्रचार कार्य के लिए चुना। धर्मरक्षित को बाद में अपरांतक देश में भेजा गया, जहाँ उसने हजारों स्त्री-पुरूषों और सामंतों को बौद्ध धम्म की दीक्षा दी। भारत में ग्रीकों ने बौद्ध कला की एक नई शैली चलाई, जिसका विकास पंजाब और उत्तर पश्चिमी भारत में हुआ।

सम्राट अशोक के राज्यकाल में बौद्ध धम्म भारत में बहुत तेजी से फैला। बौद्ध धम्म के विकास के साथ-साथ अलग-अलग प्रदेशों में पंथ बने। वैशाली में अपनें आरम्भ से, महासंघिक पूर्व की ओर सीमित रहा, जहाँ से वह विशेषतः दक्षिण की ओर फैला। इस मत के मानने वाले उत्तर में अधिक नहीं रहे होंगे, क्योंकि उनका उल्लेख केवल दो उत्कीर्ण लेखों में है। धान्यकटक प्रदेश के साहित्य में महासंघिक की सभी शाखाओं का उल्लेख यह बतलाता है कि वह प्रदेश सातवाहनों के और उनके वंशजों के राजाश्रय में कृष्णा घाटी में, महासंघिकों का सबसे बड़ा अखाड़ा रहा होगा। ये मत तीसरी या चैथीं सदी तक पनपते रहे। स्थविरवाद नामक दूसरे दल में से जो निकाय निकले उन्होंने भी साहित्य और उत्कीर्ण लेखों में अपना निश्चित स्थान बना लिया। ये शुंग काल से कुषाण काल तक यानी 200 ई.पू. से 200 ई. तक पनपते रहे। सर्वास्तिवाद और उसकी अन्य शाखाएँ उत्तर में पनपती रहीं। सर्वास्तिवाद निकाय मथुरा से नगर और तक्षशिला से कश्मीर तक के समूचे प्रदेश में प्रचलित था।

कनिष्क का राज्य काल भी बौद्ध धम्म के इतिहास में एक महत्वपूर्ण धटना है। परम्परा से वह न केवल धम्म का एक बड़ा आश्रयदाता रहा, परन्तु बौद्ध धम्म को आगे रूप देने वाले महान शासकों में से एक बना। उसी के राज्य काल में प्रख्यात भारतीय यूनानी बौद्ध कला-शाखा विकसित हुई।

गुप्तवंश के समय में बौद्ध धम्म को एक नई प्रेरणा मिली। यद्यपि गुप्त सम्राट भागवत थे, ब्राम्हण धर्म को मानने वाले थे, फिर भी बौद्ध धम्म के प्रति उनकी पूरी सहानुभूति थी। ऐसे कई महत्वपूर्ण उत्कीर्ण लेख मिलते है, कोशांबी, साँची, बौद्धगया और मथुरा प्रदेशों में पाँचवीं से छठीं सदी के अंत तक जिनमें कई व्यक्गित अनुदान देने वालों के नाम है। इसी काल में भारत में आए चीनी यात्रियों के कई वृतॉंत मिलते है। जिससे इस देश में बौद्ध धम्म की स्थिति का पता चलता है। साथ ही बौद्ध कला के कई अवशेष मथुरा, सारनाथ, नालंदा, अजंता, बाघ और धान्यकटक में पाए जाते है जो कि गुप्त काल में बौद्ध धम्म के विकास और समृद्धि के विषय में मूक होकर भी बहुत मुखर है। फाह्यान चंद्रगुप्त के राज्यकाल में भारत आया। उसने बौद्ध धम्म की समृद्ध दशा के बारे में साक्ष्य दिया है। विशेषतः उड्डियान, गंधार, मथुरा, कन्नौज, -

कौशल, मगध और ताम्रलिप्ति के विषय में नालंदा विश्वविद्यालय की स्थापना भी गुप्त राजाओं के राजाश्रय से ही संभव हो सकी थी। सातवीं सदी के मध्य से ऐसे वृतांत मिलते हैं जिनसे भारत में बौद्ध धम्म की स्थिति का स्पष्ट चित्र मिल जाता है। जहाँ तक उसकी सीमा का प्रश्न है, वह सबसे अधिक ऊँचाई पर पहुँच चुका था। साथ ही उसके अधोपतन का भी आरम्भ हो चुका था। परन्तु बौद्ध शिक्षण के कुछ केन्द्र यथा- नालंदा और वल्लभी में ज्ञान का प्रकाश निरन्तर फैल रहा था। सम्राट हर्षवर्धन ने अपने राज्यकाल के अंतिम दिनों में महायान बौद्ध धम्म स्वीकार कर लिया था। पश्चिम में वल्लभी के मैत्रक वंश के राजा छठीं सदी के मध्य से बौद्ध धम्म के आश्रयदाता बन गए थे। कई बौद्ध भग्नावशेष वल्लभी में खोजे गए है जो कि बौद्ध धम्म के अस्तित्व का साक्ष्य उस प्रदेश में दसवीं सदी तक देते है।

हर्ष के राज्य के बाद बौद्ध धम्म कश्मीर में प्रचलित रहा, विशेषतया वहाँ की स्वात घाटी में। वल्लभी आदि कुछ स्थानों में बौद्ध धम्म प्रचलित था परन्तु उसकी दशा अच्छी नहीं थी। फिर भी जब बौद्ध धम्म धीरे-धीरे भारत के अन्य भागों से विलुप्त हो रहा था, तब पूर्वी भारत में पाल वंश के राजाश्रय में उसका दूसरा बड़ा पुनरूत्थान हो रहा था। इस राजवंश के बहुत से शासक पक्के बौद्ध थे। नालंदा विहार को इन्होंने बड़े अनुदान दिए और विक्रमशीला, ओदन्तपुरी और सोमपुरी के नये विहार स्थापित किए।

**मध्य प्रदेश में बौद्ध धम्म का प्रभाव एवं विकास:** मध्य प्रदेश में बौद्ध धम्म का विकास और प्रसार प्राचीन समय से होता आ रहा है। मौर्य साम्राज्य के पश्चिमी प्रांत के एक सुबेदार के रूप में सम्राट अशोक ने उज्जैनी से बौद्ध धम्म तथा हिंसा त्याग का प्रसार किया। सम्राट अशोक के द्वारा मध्यप्रदेश में कई स्तुपों का निर्माण किया गया जिसके कारण राज्य में धम्म विकास की चरम सीमा पर था। परन्तु सम्राट अशोक की मृत्यु के पश्चात् बौद्ध धम्म का प्रचार कम हो गया। वैसे तो मध्य प्रदेश की आबादी अत्यधिक हिन्दू है और बौद्ध अल्पसंख्यक वर्ग है परन्तु यह कहा जा सकता है कि मध्यप्रदेश राज्य में बौद्ध धम्म की जड़े बहुत गहरी है। इसका प्रमाण सम्राट अशोक द्वारा ई.पू. तीसरी शताब्दी में निर्मित सतना एवं साँची के स्तुप है। आज इस अल्प संख्यक वर्ग के द्वारा बौद्ध धम्म के प्रति अत्यधिक जागरूकता स्पष्ट नजर आती है।
महायान सम्प्रदाय के सुप्रसिद्ध विद्वान धर्मक्षेप सर्वप्रथम धम्म प्रचार हेतु चीन गये थे। प्राचीन काल में उज्जैन शिक्षा तथा संस्कृति का महत्वपूर्ण केन्द्र था। वहाँ से अनेक आचार्यो के साथ बौद्ध धम्म का प्रचार किया गया, जिनमें आचार्य परमार्थ सबसे प्रसिद्ध है। मध्यप्रदेश में बौद्ध धम्म आंदोलन दिन-प्रतिदिन प्रगति करता जा रहा है। मध्यप्रदेश के नगरों एवं महानगरों में महामानव बुद्ध के नाम पर विहार, महाविद्यालय, ग्रंथालय (पुस्तकालय) आदि संस्थाएँ कार्यरत है। राज्य के ग्रामों से शहरें में अधिकाधिक संख्या में बुद्ध प्रतिमाएँ स्थापित की जा रही है। बड़ी मात्रा में बौद्ध साहित्य एवं संस्कृति का विकास किया जा रहा है। महाविद्यालयों, विश्वविद्यालयों के माध्यम से बौद्ध दर्शन पर अनेक कार्यशालाओं एवं संगोष्ठियों का आयोजन प्राचीन समय से होता आ रहा है। वर्तमान समय में धम्म प्रचार से साधारण व्यक्ति तक बौद्ध संस्कार एवं संस्कृति को पहुँचाया जा रहा है। इस प्रकार धम्म प्रचार का ऐतिहासिक कार्य राज्य में जोर शोर से किया जा रहा है।

**अन्य राज्यों में बौद्ध धम्म का प्रभाव एवं विकास:** अभिलेखों से ज्ञात होता हे कि छठी शताब्दी में गोआ में और उसके

आस-पास बौद्ध धम्म का प्रचार था। सम्राट अशोक के समय में ही कर्नाटक में बौद्ध धम्म का प्रभाव स्थापित हो गया था। शातवाहन राजाओं के समय में भी यहाँ अनेक विहारों का निर्माण किया गया। आन्ध्र प्रदेश अपने बौद्ध स्तूपों के लिए प्रसिद्ध है। सम्राट अशोक के काल में आन्ध्र प्रदेश में बौद्ध धम्म का प्रचार किया गया। कृष्णा नदी के दक्षिणी घाटियों और गोदावरी के बीच के प्रदेश में अनेक विशाल बौद्ध विहारों का निर्माण समृद्ध व्यापारियों के द्वारा किया गया। चैथी शताब्दी में कश्मीर बौद्ध धम्म का अत्यन्त महत्वपूर्ण केन्द्र था, और वहाँ के विहारों में बहुत से प्रसिद्ध विद्वान निवास किया करते थे। यद्यपि बौद्ध धम्म का उदय भारत में हुआ, आज वह यहाँ अधिक द्रष्टिगोचर नहीं होता। फिर भी कहा जा सकता है कि भारत में बौद्ध धम्म का व्यापक प्रभाव पड़ा। भारतीय बौद्ध स्थलों को राष्ट्रीय पर्यटन से जोड़ा जा रहा है। इस देश के पूर्वी भाग तथा असम में बौद्ध धम्म आज भी विद्यमान है। राजपूताना के कुछ भागों तथा नैनीताल और दार्जिलिग के जिलों में भी यह धर्म को मानने वाले अधिकतर है। ओड़िसा में बौद्ध लोंगों की संख्या काफी मात्रा में है।

धम्म के प्रभाव से शैक्षणिक क्षेत्र में भी काफी अंतर आया है। सरकारी सुविधाओं के कारण परिवार अपने बच्चों को उच्च शिखर तक ले जाते है और अच्छी नौकरी भी पा लेते है। आज शिक्षा के लगभग हर क्षेत्र में उन्होंने विकास कर लिया है। वे इंजीनियर्स, डॉक्टर्स, प्रोफेसर्स के साथ ही सरकारी कार्यालयों में बड़े-बड़े पदों पर है। बौद्ध धम्म से सामाजिक क्षेत्र में भी बदलाव आया है। शहरीकरण ने भेदभाव और जाति-पाति, वर्णव्यवस्था की पुरानी व्यवस्था को चरमरा दिया है। होटलीकरण ने समता के क्षेत्र में प्रशंसनीय कार्य किया है। सरकारी नियमों और कानूनों के कारण भी सामाजिक उत्थान की दिशा में बढ़ने के लिए अच्छी मदद मिली है।

भारतीय संविधान की धारा 330-342 में अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षण का प्रावधान है। इसके द्वारा प्रतिक्रांति की तेज धार निश्चित ही कमजोर हुई। हम कल्पना कर सकते है कि अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के लिए संविधान में विशेष प्रावधान नहीं किए गए होते तो आज भारत में वर्ण व्यवस्था फिर से अपने पैर जमा चुकी होती। कुछ संगठनों के दबाव के कारण केन्द्र 1990 में ही वी.पी. सिंह सरकार ने बौद्धों को आरक्षण सम्बन्धी अड़चन समाप्त कर दी। आरक्षण के कारण ही आज बौद्ध धम्म ग्रहण करने वाला बौद्ध हर क्षेत्र में दिखाई देता है। ये लोग आर्थिक तथा सामाजिक दृष्टि से सबल हो रहे है। राजनीतिक विचार क्षेत्र में बुद्ध और बौद्धों ने अपने संघ द्वारा गणराज्यीय जनतांत्रिकता को स्वीकार किया। विनय पिटक हमारे सामने है, जिसमें बतलाया गया है कि एक सर्वाधिकार सम्पन्न व्यक्ति के बिना भी जन समूह अपना काम चला सकता है। निर्णय में बहुमत को अन्तिम मानना होगा। बौद्ध धम्म से राजनैतिक क्षेत्र में जागृति आई है। आरक्षण के कारण अपने अधिकारों की सुरक्षा का भय प्रत्येक के मन में जागृत हो गया है। हीन भावना कम हुई है तथा अर्थिक क्षेत्र भी उपकृत हुआ है। पहले जैसी दरिद्रता और पिछड़ापन अब नहीं है। परिवार का लगभग हर सदस्य अर्थार्जन करता है और सरकारी सुविधाओं का उपभोग कर अपने जीवन का विकास करता है।

बौद्ध धम्म मानवीय मूल्यों, नैतिकता, वैज्ञानिकता, समानता पर आधारित होने के कारण इसका प्रभाव गरीब-अमीर, पुरूष-महिला, सभी जातियों, जनजातियों पर पड़ा। प्राचीन काल से लेकर आज भी भारत में बौद्ध शिक्षण संस्थाएँ कार्य कर रहीं हैं जिसके कारण सामाजिक समानता की स्थापना के साथ-साथ जातिगत भेदभाव को दरकीनार किया जा -

रहा है। भारतीय समाज में बौद्ध धम्म का प्रभाव सभी समुदायों, संस्थाओं, आदि पर व्यापक रूप से देखा जा सकता है।

बौद्ध धम्म से सम्बन्धित कार्यरत संस्थाओं का भी समाज पर प्रभाव पड़ा है। इन संस्थाओं के द्वारा समय-समय पर अनेक प्रकार के कार्यक्रमों एवं सम्मेलनों के माध्यम से बौद्ध धम्म का प्रचार-प्रसार किया जाता है। इन संस्थाओं में प्रमुख रूप से - भारतीय बौद्ध महासभा, अंतर्राष्ट्रीय भिक्षु संघ, दि बुद्धिष्ट इन्टरनेशनल स्कूल ऑफ औरंगाबाद, समता सैनिक दल, गोयनका की विपश्यना अकादमी सम्पूर्ण देशभर में विपश्यना केन्द्र चलाती है, भिक्षु संघरक्षित की त्रैलोक्य बौद्ध महासंघ सहायक गण परिषद सम्पूर्ण भारत भर में विविध केन्द्रों के माध्यम से ध्यान समाधि की कक्षाएं चलाती है। डॉ. भदन्त आनन्द कौशल्यायन जी द्वारा स्थापित बौद्ध प्रशिक्षण संस्थान भिक्षुओं को प्रशिक्षण देती है, तथा अनाथालय चलाती है। महाबोधि महाविहार नामक संस्था मनसर-रामटेक (महाराष्ट्र) में स्थापित है। कामठी में ओगावा सेसायटी की ओर से ड्रेगन पैलेस टेम्पल का निर्माण किया है तथा सोसायटी द्वारा समय समय पर सामाजिक-सांस्कृतिक कार्य किए जाते है। कामठी में ही स्थित बुद्ध भूमि धम्म प्रचार हेतु हमेंशा तत्पर है। पश्चिम बंगाल में महाबोधि सोसायटी कार्यरत है तो लखनऊ में भारतीय बौद्ध समिति। दीक्षाभूमि, नागपुर परमपूज्य डॉ. बाबासाहेब स्मारक समिति, आदि।

आज पालि भाषा तथा बौद्ध धम्म संक्रमण काल से गुजर रहे है। संक्रमण काल से तात्पर्य है तीव्र परिवर्तन का दौर। देश में बौद्ध धम्म से सम्बन्धित अनेक विशिष्ट संस्थाओं की स्थापना, संगोष्ठियाँ तथा सम्मेलन हो रहे है तथा बौद्ध पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए वृहत स्तर पर शासकीय प्रयास चल रहे है। साँची में सितम्बर 2012 को 'साँची बौद्ध तथा भारतीय ज्ञान विश्वविद्यालय' की स्थापना तथा 'अन्तर्राष्ट्रीय धम्म सम्मेलन' इसी श्रृंखला में किया गया एक ऐतिहासिक कदम है। वाराणसी में सितम्बर 2012 को विशाल स्तर पर द्विदिवसीय 'अन्तर्राष्ट्रीय बौद्ध कांफ्रेन्स' सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। पूणे में 'इण्डियन इन्स्टीट्यूट ऑफ बुद्धिस्ट स्टडीज' भी स्थापित हो चुका है। इसी तरह की अनेक गतिविधियाँ केन्द्र तथा राज्य सरकारें चला रहीं हैं। अशासकीय संगठन भी अपने-अपने स्तर पर अनेक प्रयास कर रहे है। इस कड़ी में 'लॉर्ड बुद्धा' तथा 'बोधि' टी.वी. चैनल ने सफलतापूर्वक कीर्तिमान स्थापित किया। इस चैनल की स्थापना से बौद्ध तथा अम्बेडकरी आन्दोलन को बड़ा बल मिला है। निश्चय ही यह चैनल भविष्य में इस आन्दोलन के लिए एक महती शक्ति होगा। एक बात अत्यन्त प्रशंसनीय है कि भारत में बिना किसी शासकीय या औद्योगिक घरानों की मदद के भी बुद्ध तथा बाबासाहेब के अनुयायी उनके मिशन को पूर्ण विश्वास से आगे बढ़ा रहे है। विदेशी भी इस बात के कायल है फिर भी इतना सब पर्याप्त नहीं है बौद्ध विद्या के विकास के लिए। बुद्ध और उनके धम्म के कारण सम्पूर्ण विश्व में भारत की एक महान देश के रूप में अभिज्ञा बनी है। यहाँ के श्रेष्ठ विश्वविद्यालय पूरे विश्व में प्रसिद्ध थे। अतः प्राचीन काल से ही भारत पूरे विश्व में श्रद्धा तथा पर्यटन का देश रहा है। ग्लोबलाइजेशन तथा आर्थिक उदारवाद के कारण भारत में निवेश की सम्भावनाएँ बलवती हो गई है। भारत की भौगोलिक, ऐतिहासिक परिस्थितियाँ विदेशी कम्पनियों को यहाँ निवेश के लिए आकर्षित करती है। इन्हीं परिस्थितियों में पर्यटन एक उद्योग के रूप में विकसित हो रहा है। देश में बौद्ध पर्यटन के प्रति लोगों का रूझान बढ़ा है। ऐसे समय में पुरातन बौद्ध शिल्पकला के अनुरूप नूतन बुद्ध विहारों, संघारामों तथा बुद्ध मंदिरों का निर्माण शासन द्वारा जगह-जगह किया जाना चाहिए। बुद्ध के अनुयायी अपने सभी संस्कार पालि भाषा में ही सम्पन्न करते है, किन्तु शासकीय तथा नीजि तौर पर पालि के विकास के लिए कोई खास प्रयास नहीं किए गए है। जबकि भारत

की तमाम भाषाओं के विकास में अनेक प्रयास किए जा रहे है। अनके भाषाओं के नाम पर दिवस, सप्ताह तथा पखवाड़ों का आयोजन किया जाता है, पालि भाषा के नाम पर ऐसा कब होगा? आज पूरे देश में पालि के नाम पर एक भी ऐसी शासकीय संस्था नहीं है जो पूर्णतया पालि भाषा के अध्ययन-अध्यापन, प्रचार-प्रसार, विकास तथा अनुसंधान के लिए कार्य कर रहीं हो। ऐसे में पालि के विकास की दृष्टि से सार्थक प्रयास होने ही चाहिए।

बौद्ध विचारकों ने दर्शन में पुरानी रूढ़ियों पर जबर्दस्त प्रहार किया। उनके तर्कों का जवाब नहीं हो सका, यद्यपि आत्मवादी, ईश्वरवादी दार्शनिकों ने इसके लिए पोथे पर पोथे लिखे। प्रतिकूल परिस्थितियों के कारण बौद्ध धम्म भारत से लुप्त हो गया। यह कहा जा सकता है कि 19वीं सदी के अन्त तक बुद्ध को भारतीय एक तरह से बिल्कुल भूल गए, पर आज, बौद्ध धम्म का भारत में पुनः उत्थान हुआ है। 21वीं सदी में जगह-जगह होने वाले इस प्रकार के महोत्सव इसी बात को बतला रहे है। धर्म निरपेक्ष सरकार करोड़ों रूपया इस महोत्सव के लिए खर्च कर रहीं है। यह अनीश्वरवादी अनात्मवादी बुद्ध की माहविजय है।

सामाजिक क्षेत्र में बौद्धों ने जात-पांत के खिलाफ आवाज उठाई और उसका प्रभाव भी काफी पड़ा। एक समय जात-पांत में बहुत शिथिलता आ गई थी, जिसके लिए 10वीं-11वीं शताब्दी में राजाओं की सहायता से उच्च वर्ग ने कुलीन प्रथा को स्थापित किया। उन्होंने समझा, हमने जातिवाद की नींव को वज्र कर दिया। लेकिन आज वह भी खिसक रही है। 21वीं सदी के अन्त तक इसकी भी हालत वही होने वाली है जो कि खान-पान की छुआछूत के बारे में आज देखी जा रही है। अतः भारत के अनेक राज्यों में वर्तमान समय में बौद्ध धम्म का बड़ा प्रभाव पड़ा है साथ ही धम्म का विकास दिन दूगना रात चैगुना हो रहा है।

**सन्दर्भ ग्रन्थ सूची:**


- भदन्त, धर्मकीर्ति महाथेरो (1977); 'भगवान बुद्ध का इतिहास एवं धम्मदर्शन'- नागपुर, महाराष्ट्र।
- सिंह, मदन मोहन (1993); 'बौद्ध कालीन समाज और धर्म'- बिहार हिन्दी ग्रंथ अकादमी, बिहार।
- त्रिपाठी, राममूर्ति (1993); 'बौद्ध संग्रह'- नई दिल्ली।
- सिंह, प्रिय सेन (1993); 'भारत के प्रमुख बौद्ध तीर्थ स्थल'- ईस्टर्न बुक लिंकर्स, जवाहर नगर, दिल्ली - 110007.
- कौशल्यान, भदंत आनंद (1997); 'बौद्ध धर्म का सार'- बुद्ध भूमि प्रकाशन, कामठी रोड़ नागपुर, महाराष्ट्र - 441002.
- कर्दम, जयप्रकाश (1999); 'बौद्ध धर्म के आधार स्तम्भ'- विकल्प कृष्णा पार्क, तिलक नगर दिल्ली- 110018.
- बैसंतरी, देवेन्द्र कुमार (1999); 'बौद्ध धर्म का प्रसार और पुर्नउत्थान'- भारतीय बौद्ध समन्वय समिति बसंत कुंज, नई दिल्ली - 110070.
- चंचरिक, कन्हैयालाल (1999); 'भगवान गौतम बुद्ध जीवन और दर्शन'- युनिवर्सिटी पब्लिकेशन, नई दिल्ली - 110015.

International Journal of Advance Higher Education Research & Development
Peer Reviewed and UGC Approved: ISSN: 2456-4826 VOL, 6 No. 6 FABRUARY: 2022

# मध्यकालीन भारतीय परिदृश्य में भारतीय महिलाओं की दशा व् स्थिति का सामाजिक अवलोकन

**डॉ. आशा गोहे**
**सहायक प्राध्यापक (इतिहास)**
**शास. जटाशंकर त्रिवेदी स्नातकोत्तर महाविद्यालय,**
**बालाघाट (म.प्र.)**

**सारांश:** आधुनिक भारत और समकालीन मध्य भारत की अपेक्षा प्राचीन भारत की एक विशेषता इन तीन युगों को आपस में अलग करती है वह विशेषता यह थी कि प्राचीन भारत अनन्य रूप से हिन्दू था, यद्दपि जैन एवं बौद्ध सामाजिक व्यवस्था में हिन्दुओं से अलग रीति का उपयोग करते थे किन्तु वें हिन्दू संस्कृति के विविध रूप ही थे । इन तीनो पंथ के अतिरिक्त भारत एक अन्य सम्प्रदाय का भी पनाहगार था और वो सम्प्रदाय था इस्लाम । इस्लाम के भारत में प्रवेश के साथ हिन्दुओं के धर्म की मौलिकता नष्ट होने लगी थी इसके पीछे इस्लाम का भारत में तेजी से विस्तार होना था । इस्लाम भारत में प्रवेश तो कर गया था किन्तु वह अन्य सम्प्रदायों की भांति भारतीय संस्कृति में आत्मसात नहीं हो पाया । इस्लाम अपने साथ एक ऐसी परंपरा लेकर आया जिसने मध्य काल के भारत में पूरी तरह से सभी सम्प्रदाय में इस परंपरा को अपना लिया जो महिलाओं की सामाजिक स्थिति के पतन का प्रमुख कारण बनी वह परंपरा थी पर्दा प्रथा । मूलतः यह प्रथा भारत में बारहवीं शताब्दी की मानी जाती है किन्तु यह प्रथा का सबसे बड़ा पोषण राजस्थान अर्थात राजपुताना में ज्यादा देखने को मिला । जब सल्त्नात्काल और मुगल भारत में अपनी पैठ जमा रहे थे तब इस्लाम और हिन्दू दोनों वर्ग की महिलाओं की सामाजिक दशा उपेक्षा पूर्ण बनी नहीं और कोई परिवर्तनशीलता दिखाई भी नहीं पड़ती है ।

**परिचय:** मध्य भारत उस समय दो प्रकार की स्त्रियों में विभक्त था पहली हिन्दू महिलाएं और दूसरी थी मुस्लिम महिलाएं, किन्तु इस काल में इन दोनों प्रकार की स्त्रियों की दशा व् स्थिति संतोषजनक नहीं थी । हिन्दू महिलाएँ जन्म से अंतिम समय स्वतंत्र नहीं थी उदहारण के लिए जन्म से विवाह तक पालन पोषण पिता की संरक्षता में, विवाह उपरान्त पति द्वारा संरक्षण और विधवा अवस्था में पुत्र के संरक्षण में ही महिलाओं का सारा जीवन व्यतीत होता था, ठीक इसी प्रकार अरबी या फारसी प्रभाव में मुस्लिम महिलाएं में स्वतंत्र नहीं थी । उनका जीवन तो हिन्दू स्त्री से ज्यादा चिंतनीय था । युद्ध या पति से परिताक्य होने की स्थिति उन्हें या तो गुलाम बना लिया जाता था या कई विवाह करने के लिए उनके साथ जबरदस्ती की जाती थी । हांलाकि उच्च मुस्लिम परिवारों में महिलाओं के साथ उतना भेद-भाव नहीं

जितना एक सामान्य हिन्दू परिवार की महिलाओं में होता था। उन्हें न तो समाज की मुख्य धारों में सीधे घुलने-मिलने का अधिकार था और न ही किसी प्रकार के अन्य सामाजिक अधिकार प्राप्त थे । किन्तु मुस्लिम समाज में रजिया सुलतान, नूरजहाँ और मेहरूनिशा जैसी प्रभावशाली स्त्रियाँ भी मौजूद थी जिन्हें कुछ सामाजिक अधिकार प्राप्त थे । इसके अतिरिक्त मुस्लिम महिलाओं को विधवा पुनर्विवाह इद्दत की अवधि के बाद करने का अधिकार था किन्तु ऐसा वैवाहिक अधिकार हिन्दू महिलाओं को प्राप्त नहीं था । एक बाद हिन्दू स्त्री का विवाह संपन्न हो जाता है तो वह जन्म जन्मान्तर का अटूट रिश्ता समझा जाता है यही कारण था की प्राचीन काल से लेकर मध्यकाल और आधुनिक काल के शैशव अवस्था आते तक हिन्दू महिलाओं को पुनर्विवाह के सामाजिक अधिकार प्राप्त नहीं थे । मध्यकाल को प्रमुख रूप से दो प्रकार से भी जाना जाता है, जो इस प्रकार है;

1. सल्तनत काल,
2. मुगल काल ।

**सल्तनत काल में महिलाओं की सामाजिक दशा:** विश्व की लगभग सभी संस्कृतियों में पुरुष-स्त्री को सहचर्य और एक ही पहिये के दो पहलु माना गया है, जिसके एक साथ गतिमान होने से कुल और वंश आगे बढ़ता है । हिन्दुओं में मनु और सतरूपा, ईसाईयों में एडम और ईव एवं मुस्लिम में आदम और हव्वा सामान रूप से थे प्रकृति ने इनके साथ भेद नहीं किया था । किन्तु कालांतर में स्थति में परिवर्तन हुआ और अब महिलाएं पुरषों की दाष और साधन मात्र बनकर रह गई थी । मध्यकाल भी इससे अछूता नहीं रहा विशेषतः सल्तनत काल जब गुलाम और कनीज (दाशी) प्रथा का प्रचलन था जिसमें युद्ध जितने पर समूचे राज्य की जवान और सुंदर हिलाओं को गुलाम बनाकर सेनापति अपने आकाओं या खलीफाओं के पास भेजते रहते थे, सल्तनत काल में सूर्य देवी और परमल देवी की कहानी भी इसी व्यवस्था का सुयोग्य उदाहरण है ।

सल्तनत काल में इल्तुतमिश की पत्नी शाह तुर्कान का भी काफी वर्चस्व रहा था यह सल्तनत काल की पहली महत्वाकांची महिला थी जिसने अपने पति के मरने के बाद अपने योग्य पुत्र सकुनुरुद्धीन को गद्दी पर बैठाया किन्तु शासन और फरमान (आदेश) स्वयं करती थी । किन्तु इल्तुतमिश ने अपना उत्तराधिकारी अपनी पुत्री रजिया सुलतान को सौप दिया था अतः बाद में रजिया ने घनघोर विरोध के बाद सत्ता और गद्दी संभाली । रजिया का गद्दी पर बैठना दिल्ली सल्तनत की सबसे बड़ी उथल-पुथल भरी घटना थी, क्यूँ कि दिल्ली से लेकर तुर्क तक के अमीरों को यह बात गले नहीं उतर रही थी कि वें एक महिला के आधीन होकर रहेंगे और उनके फरमान की तामील भी करनी होगी । हालाँकि रजिया बेगम ने लगभग चार वर्षों तक शासन किया । तुगलक शासक स्त्रियों का सम्मान करते थे। इसी कारण मुहम्मद तुग्लन ने तो अपनी माता को राजकीय कार्य में हस्तक्षेप करने का अधिकार तक दे दिया था । तुग्लकों के बाद सैय्यद और लोदी वंश में भी महिलाओं को कुछ राजनैतिक अधिकार प्रदान किये थे जिसकी झलक जौनपुर के राजा शर्की की बेगम के महत्वकांक्षी होने से दिखाई पड़ती थी ।

हिन्दू महिलाओं ने भी सल्तनतकाल में कई ऐसे उदाहरण प्रस्तुत किये जिससे उनकी स्थिति के बारे में जानकारी प्राप्त होती है । तत्कालीन हिन्दू स्त्री के बार में सुल्तान अल्लाहुद्दीन खिलजी का वह किस्सा महत्वपूर्ण है जिसमे उसने गुजरात के राजा राय कर्ण बाघेला की स्त्री कमला देवी से विवाह कर गुजरात को कुछ दिन के लिए युद्ध से शांत कर लिया था । यही नहीं उसने अपने पुत्र खिज्र खां का विवाह भी राजा राय कर्ण देव की पुत्री देवल देवी से करवाया था ।

वस्तुतः इस काल में भी महिलाएं प्रसाधन, गहने आदि का शौक भी रखती थी । हिन्दू स्त्रियों के पहनावे की बात करें तो वें पहनावे में बाड़ी सी चादर की चोली और अंगिया पहनना पसंद करती थी । कुछ इसी प्रकार मुस्लिम महिलाएं ढीला पाजामा, कुर्ती और दुपट्टा पहना करती थी । इस काल में मुस्लिम तहजीब के अनुसार नीला वस्त्र धारण करना महिलाओं को मना था क्यों कि यह रंग शोक में पहना जाता था । इन उच्च कुलीन स्त्रियों के अतिरिक्त माध्यम वर्ग की स्त्रियों के पहनावें का अधिक प्रमाण नहीं मिलता है शायद वें इन उच्च कुलीन महिलाओं का पहनावे में अनुसरण करती होंगी । इस प्रकार यह बात उतनी ही तार्किक है कि इस्लाम के भारत में आने से दोनों संस्कृति का विलय तो हुआ किन्तु उसका प्रभाव महिलाओं की दशा ठीक करने की दिशा में उतना संतोषजनक नहीं है । हिन्दू महिलाओं में अनिश्चितता तथा माय का माहौल बना रहा । अब हिन्दू महिलाएं भी मुस्लिम महिलाओं की भांति परदे का कठोरता से पालन करने लगी थी । शैने-शैने यह पर्दा प्रथा मुस्लिम्स से हिन्दुओं में एक परंपरा की भांति गहरी पैंठ कर चुकी थी । सल्तनतकाल में मुस्लिम महिलाओं के जौहर का भी उल्लेख मिलता है, जब तैमूर के आक्रमण के समय भदनेर के दुर्ग में मुस्लिम रानियों ने राजपूत रानियों के भांति जौहर किया । इस प्रकार यह स्पष्तः है कि सल्तनतकाल में महिलओंकी स्थति भय, अनिश्चितता, डर और परम्परों के निर्वहन में ही कट रही थी और स्वतंत्रता का अभाव था ।

**मुगलकाल में महिलाओं की स्थिति:** भारत में मुग़ल काल की नीव सल्तनतकाल के समापन पर बाबर के 1526 ई. के आक्रमण से हुई । सल्तनतकाल की भांति इस काल में भी महिलों की स्थिति ठीक नहीं थी किन्तु कुछ ऐसे प्रमाण भी है जिनसे यह पता चलता है कि मुग़ल काल उतना कठिन नहीं था जितना कि सल्तनत काल था । हिन्दू एवं मुस्लिम दोनों म्स्त्रियों में सामाजिक परिवर्तन की अमिट छाप इस युग में दिखाई पड़ती है । हिन्दू समाज में उस समय लड़कियों के जन्म को अपशगुन माना जाता था। समाज में प्रचलित रीति - रिवाज के अनुसार लड़की के विवाह पर भारी खर्च करना पड़ता था। समाज का अधिकतम वर्ग निर्धन था और वह इतना भारी खर्च नहीं कर सकता था। लड़की का विवाह न होना धर्म और समाज के विरूद्ध समझा जाता था। इसके अतिरिक्त मुसलमान हिन्दुओं की जवान लड़कियों को बलपूर्वक उठाकर ले जाते थे। इसलिए बहुत से हिन्दु लड़की के जन्म लेते ही उसे मार देते थे। हालाँकि हिंदू महिलाओं ने अपने परिवार में सम्मान का आनंद लिया, धार्मिक समारोहों में भाग लिया, शिक्षित हुए और उनमें से कई ने विद्वानों की ख्याति अर्जित की। फिर भी, सामान्य तौर पर, समाज में उनकी स्थिति खराब हो गई थी और वे कई सामाजिक बुराइयों से पीड़ित थे। सबसे ज्यादा सोचनीय बात बाल विवाह, सती प्रथा और विधवा पुनर्विवाह का न होना था, प्राचीन काल की भांति अधिक दहेज़ लेना और देने की प्रथा भी चलन में थी । आम तौर पर, समाज में एकरसता का प्रचलन था, लेकिन अमीर लोगों के बीच एक आदमी कई पत्नियां रख सकता था। विधवा फिर से शादी नहीं कर सकती थी। वे या तो अपने पति की चिता पर सती हो गईं या महिला-पुरुष के रूप में अपना जीवन व्यतीत करने लगीं। मुसलमानों को हमेशा या तो छेड़छाड़ करने के लिए या हिंदू-महिलाओं को पकड़ने के लिए तैयार किया जाता था, जिसके परिणामस्वरूप बाल-विवाह और पुरदाह

व्यवस्था होती थी। इसने समाज में उनकी शिक्षा और आंदोलनों पर भी प्रतिकूल प्रभाव डाला। इसलिए, उन्हें केवल घरों में शिक्षा प्रदान की जा सकती थी जो केवल अमीरों द्वारा वहन की जा सकती थी। बेटी के जन्म को एक बुरा शगुन माना जाता था और इसके परिणामस्वरूप महिला-शिशु हत्या का चलन था।

हालाँकि, निचली जातियाँ इनमें से कई सामाजिक बुराइयों से मुक्त रहीं। उनमें कोई पुरदाह व्यवस्था नहीं थी और उनकी औरतें तलाक और पुनर्विवाह के लिए स्वतंत्र थीं। यहां तक कि उनके बीच विधवा-विवाह की भी अनुमति थी। देवदासी प्रणाली एक और सामाजिक बुराई थी जो हिंदुओं में प्रचलित थी। सुंदर अविवाहित लड़कियों को भगवान पाप मंदिरों की छवियों की पेशकश की गई थी, जहां उन्होंने अपना जीवन देवताओं के नौकरानियों के रूप में गुजारा। यह न केवल उनके जीवन के लिए गंभीर अन्याय था, बल्कि मंदिरों में भ्रष्टाचार भी था। कुछ अन्य परिवर्तन थे जो मुसलमानों के संपर्क के कारण हिंदुओं ने स्वीकार किए थे। हिंदुओं ने धर्मान्तरित हिन्दू-धर्म को स्वीकार करना शुरू कर दिया। उनके कपड़ों, खान-पान, सामाजिक आदतों और कुछ रीति-रिवाजों में भी बदलाव हुए। मुस्लिम महिलाओं को भी समाज में सम्मानजनक स्थिति प्राप्त नहीं थी। बहुविवाह मुसलमानों में व्यापक रूप से प्रचलित था। प्रत्येक मुसलमान को कम से कम चार पत्नियाँ या दास रखने का अधिकार था। पुरोधा- प्रणाली को मुस्लिम-महिलाओं के बीच सख्ती से देखा गया था। वे इस सामाजिक-प्रथा के कारण शिक्षा से रहित थे। हालांकि, हिंदू महिलाओं की तुलना में उन्हें कुछ मामलों में बेहतर रखा गया था। वे अपने पति, पुनर्विवाह को तलाक दे सकते थे और अपने माता-पिता की संपत्ति में अपने हिस्से का दावा कर सकते थे। मुस्लिम महिलाओं में सती प्रथा नहीं थी। निम्नलिखित अन्य सामाजिक कारणों से मुगल काल की महिलाओं की कठिनाईपूर्ण दशा की झलक मिलती है वो इस प्रकार है...

- **बहु-विवाह -** कुरान मुस्लिम वर्ग के लोगों को चार पत्नियां रखने की छूट देती है। किसी सीमा तक उच्च घरों में इस नियम को अपनाया भी गया था, परन्तु निम्न वर्ग के मुसलमानों में बहु-विवाह का प्रचलन नहीं था। सर्वसाधारण एक पत्नी व्रत का पालन करता था, जिसका प्रमुख कारण आर्थिक असमर्थता थी। अकबर बहु-विवाह के दोषों को पहचानाता था, इस पर उसने यह आज्ञा दे दी थीं कि यदि प्रथम पत्नी बांझ है तो पुरुष विवाह कर सकता है। इस कथन की पुष्टि बदायूंनी के कथन से भी होती है। परन्तु व्यवहार में क्या होता था यह कहना कठिन है क्योकि अकबर की स्वंय 5,000 स्त्रियां थी।
- **बाल विवाह -** मुगलकाल मे बाल विवाह बहुत प्रचलित था। हिन्दू सदा मुसलमानों के प्रति भयभीत रहते थे कि कहीं जवान होने पर हमारी कन्याओं को उठाकर न लें जाये। इस कारण ही वे लड़कियों को तरूण अवस्था में पहुंचने से पूर्व ही उनको विवाह के बन्धन में डालते थे। 6 या 7 वर्ष की कन्याओं की प्रायः शादी कर दी जाती थी। मुकुन्दराम के शब्दों में," वह पिता भाग्यशाली है जो अपनी कन्या का विवाह 9 वर्ष तक की आयु में कर देता था।"
- **विधवा की स्थिति -** एक विधवा की भारतीय समाज में क्या स्थिति है, यह प्रश्न प्राचीनकाल से ही विवादग्रस्त रहा है। विधवा-विवाहों का उल्लेख किसी ने किसी मात्रा में प्रत्येक युग में मिलता है, परन्तु सल्तनत और मुगल काल में विधवा विवाह केवल निम्न वर्ग में ही सीमित हो गया था। मुस्लिम समाज में विधवाओं को बिना भेदभाव के पुनः विवाह करने का अधिकार था। अतः उनकी दशा अच्छी थीं। हिन्दूओं के उच्च घराने में इस प्रथा को तनिक भी स्थान नहीं दिया गया था।
- जौहर प्रथा - इस प्रथा का आंरभ राजपूतों की स्त्रियों के माध्यम से प्रारंभ की गयी थी। इस प्रथा में स्त्रियां अपनी -

इज्जत बचाने के खातिर आग में जौहर कर लेती थी।

- शिक्षा - मुगलकाल में उच्च वर्ग की स्त्रियां विदूषी थीं एंव कला तथा साहित्य में विशेष अनुराग रखती थीं। मीराबाई, नूरजहां, जेबुन्निसा, आकाबाई, कैनाबाई एवं गुलबदन बेगम इस काल की विदुषी स्त्रियां थीं। प्रायः कन्याओं को घर पर ही शिक्षा दी जाती थीं।

**निष्कर्ष:** उपरोक्त बिंदूओं से यह प्रमाणित होता है, कि मुगलकाल में स्त्रियों की दशा अच्छी नहीं थीं। इस पर भी साधारणत: घरों में स्त्रियों का आदर होता था तथा पुत्र-पुत्रियां उन्हें सम्मान देते थे। उन्हें मां के रूप में आदर की दृष्टि से देखा जाता था। पुत्र उनकी आज्ञा का पालन करना अपना पावन कर्त्तव्य समझते थे। ‘तसलीम‘,‘कोर्निश‘ तथा ‘सिजदा‘ आदि मुगल राजकुमारों से लेकर साधारण वर्ग में मां के प्रति किया जाता था। जहांगीर उल्लेख करता है कि धार में जाकर उसने अपनी मां को अत्यन्त आदर के साथ ‘तसलीम‘ और ‘सिजदा‘ किया। मुगलों से कहीं अधिक राजपूत अपनी मां का आदर करते थे। मेवाड़ का राणा संग्रामसिंह द्वितीय नित्य प्रातः मां को प्रणाम करके भोजन करता था। राजपूत अपनी स्त्रियों को सहधर्मिणी मानते थे।

सन्दर्भ ग्रन्थ सूची:


- स्पेक्ट्रम - इतिहास, पृ0 सं0-419.
- मिश्रा, रेखा - वीमेन इन म ुगल इंडिया, दिल्ली।
- चटर्जी, जी0 एच0 - हर्ष वर्द्धन पृ0स0-308.
- वैद्य, सी0 बी0 - हिस्ट्री ऑफ मेडिकल इंडिया, जिल्द, पृ0सं0-6.
- श्रीवास्तव, ए0एल0 - मेडिवल इ ंडिया कल्चर, पृ0 सं0- 23.
- बाशम, ए0 एल0 - दि वन्डर देट वाज इंडिया, पृ0सं0-115.
- कुरेशीर, आइ 0 एच0 - एडमिनिस्ट्रेशन ऑफ दि सुल्तान्स ऑफ देलही पृ0सं0-65
- रिजवी खिलजी कालीन भारत, पृ0सं0-39
- गुप्त, कुमार शिव - मध्यकालीन भारतीय समाज एवं संस्कृति, पृ0सं0-41